**विडंबना** — कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 130 आवेदकों ने की शिकायतें, निराकरण के दिए गए निर्देश

# कई बार शिकायत की, नहीं मिल रही कोई राहत

**नवभारत, कटनी।** सप्ताह के हर मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कई आवेदकों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की है, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई राहत नहीं मिल रही है। अमीरगंज के किशन चौधरी ने बताया कि पिछले तीन साल से रहने के लिए जमीन के पट्टे की मांग कर रहे हैं। वे 10 से ज्यादा बार जनसुनवाई में आवेदन दे चुके हैं, बावजूद इसके उन्हें पट्टे नहीं दिए गए। वहीं बहोरीबंद के डिहुटा गांव से आए लल्लू यादव ने बताया कि गांव में पानी की टंकी फूटी पड़ी है, जिससे सप्लाई बंद है। भीषण गर्मी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लल्लू 5 बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 130 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित



अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश। जनसुनवाई के दौरान सूफी संत नगर, कैलवाराखुर्द निवासी आरती शुक्ला पति स्वर्गीय सतीश शुक्ला ने कलेक्टर को प्रस्तुत आवेदन में बताया कि वर्ष 2023 में मेरे पति का निधन हो गया था। लेकिन मकान का रिकॉर्ड अभी भी मेरे पति के नाम पर दर्ज है। पति की एकमात्र वारिस होने के कारण भू-अभिलेखों में सुधार कर मकान मेरे नाम पर दर्ज करवाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम भगनवारा तहसील बड़वारा की निवासी निरशा बाई कोल ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि कई बार सेंट्रल मप्र ग्रामीण बैंक शाखा बड़वारा और लीड बैंक प्रभारी के चक्कर लगाने के बावजूद मुझे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा क्लेम की 2 लाख रूपए की राशि नहीं मिल पा रही है। इस पर कलेक्टर ने अग्रणी जिला प्रबंधक को आवेदिका की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। तहसील रीठी की ग्राम पोस्ट गोदाना निवासी चिनुवा कुम्हार ने बताया कि मेरी उम्र 63 है। वृद्धावस्था की वजह से मैं किसी भी प्रकार का परिश्रम करने में असमर्थ हूं। मुझे पूर्व में वृद्धावस्था पेंशन की राशि प्राप्त हो रही थी, लेकिन पिछले दस महीने से मुझे पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हो रही है। जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत रीठी के सीईओ को शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मुहास क्षेत्र के निवासी अरविंद कुमार नहर ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि मुझे संकट मोचन धाम मुहास हनुमान मंदिर में सफाई कर्मी के रूप में शासकीय मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से एसडीएम द्वारा नियुक्त किया गया था। जिसमें मेरे और मेरे भाई के द्वारा मंदिर की साफ-सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। लेकिन मार्च 2025 से दिसंबर 2025 तक का मेरा मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे मुझे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा।



# समस्याओं के समाधान का मंच बनी जनसुनवाई

**महापौर ने सुनीं शहरवासियों की शिकायतें, निराकरण के निर्देश**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम में आयोजित महापौर जनसुनवाई एक बार फिर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर सामने आई। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां पेयजल, सड़क, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान एक प्रेरणादायक दृश्य तब देखने को मिला, जब एक वृद्ध महिला सीढ़ियां चढ़कर ऊपर नहीं जा सकीं। स्थिति को देखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी स्वयं नीचे पहुंचीं और महिला से उनकी समस्या जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में शहरवासियों को अपनी समस्याएं सीधे महापौर के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे शिकायतों को बिना देरी के समझा गया। महापौर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इससे नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस दौरान विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई शुरू की गई। महापौर ने शहरवासियों से कहा कि वे प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं सीधे रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए यह मंच उपलब्ध कराया गया है।

## एक नजर में



### महिला कर्मचारी ने लगाए प्राचार्य पर गंभीर आरोप

**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी मुख्यालय स्थित शासकीय संदीपनी विद्यालय में कार्यरत एक महिला सफाई कर्मचारी ने विद्यालय के प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि प्राचार्य हेमराज कारपेंटर उन पर शारीरिक संबंध बनाने का अनैतिक दबाव बना रहे हैं और इनकार करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दे रहे हैं। एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वह विद्यालय में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। पीड़िता के अनुसार, प्राचार्य लगातार मुझ पर गलत नीयत से दबाव बना रहे हैं। जब मैंने उनकी मांगों को मानने से इनकार किया, तो उन्होंने मुझे पद से हटाने की धमकी दी। एक गरीब और आउटसोर्स कर्मचारी होने के नाते मुझे अपनी जीविका खोने का डर सता रहा है। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े किए हैं। महिला का कहना है कि उसने सबसे पहले रीठी थाने में इस मामले की लिखित शिकायत दी थी, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। थक-हारकर उसे जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के पास न्याय की गुहार लगाने कटनी आना पड़ा। पीड़िता ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। दूसरी ओर इन गंभीर आरोपों पर सफाई देते हुए प्राचार्य हेमराज कारपेंटर ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उनका कहना है कि ये आरोप कुछ राजनीतिक लोगों के इशारे पर रची गई एक गहरी साजिश का हिस्सा हैं। पिछले एक वर्ष से मुझे इसी तरह परेशान करने की कोशिश की जा रही है। प्राचार्य ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की जाए ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके।

# घर के कमरे में पंखे से फांसी पर लटका मिला युवक

**कुठला थाना क्षेत्र के चाका गांव में हुई घटना, पुलिस जांच शुरू**

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत चाका गांव में एक 25 वर्षीय युवक का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि चाका गांव निवासी रंजीत चौधरी पिता हरिप्रसाद चौधरी रात में परिजनों के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चला



गया था। सुबह जब काफी देर तक रंजीत के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। अंदर जाकर देखने पर रंजीत का शव छत के पंखे से लगे फंदे पर लटका मिला। मृतक के पिता हरिप्रसाद चौधरी ने बताया कि रंजीत की पत्नी कुछ दिनों से अपने मायके गई हुई थी। घटना के समय रंजीत कमरे में अकेला था। आत्महत्या का ठोस कारण अभी तक सामने नहीं आया है। पुलिस ने बताया कि कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# 31 मई तक हर हाल में खोले जाएं स्वसहायता समूहों के बैंक खाते

**अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिला** पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी और जिला परियोजना प्रबंधक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मिशन के कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में स्व-सहायता समूहों के बैंक खाते खोलने के



मामले बड़ी संख्या में लंबित पाए गए। इसे गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित मिशन कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 मई 2026 तक हर हाल में सभी लंबित खाते खुलवाना सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जो स्व-सहायता समूह वर्तमान में सक्रिय नहीं हैं, उनका तत्काल धरातल पर सत्यापन किया जाए। अधिकारियों को ऐसे निष्क्रिय समूहों की विस्तृत जानकारी तैयार कर जन्ल्द जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान विकासखंडवार प्रगति की समीक्षा की गई। समूहों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए बैंक लिंकेज, महिलाओं की आय बढ़ाने के लक्ष्यों पर जोर दिए जाने, आजीविका रजिस्टर, ट्रांजेक्शन और आंतरिक अंकेक्षण की पूर्णता। ऋण वापसी और मुद्रा लोन के प्रकरणों की स्थिति।

ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संगठनों का पंजीयन। जैसे विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में समस्त जिला प्रबंधक, सहायक जिला प्रबंधक, विकासखण्ड प्रबंधक और सहायक विकासखण्ड प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने दी चेतावनी, निर्माण कार्य में नहीं हो गुणवत्ता की अनदेखी

**निर्माणाधीन पंचायत भवन का विधायक ने किया निरीक्षण**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत निर्माणाधीन नवीन जनपद पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया।

लगभग 5.25 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहे इस आधुनिक भवन के कार्य की प्रगति और गुणवत्ता को परखने के लिए विधायक स्वयं निर्माण स्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने भवन के विभिन्न



हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट लहजे में चेतावनी दी कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि उपयोग की जा रही सामग्री मानकों पर खरी उतरनी चाहिए ताकि भविष्य में जनता को मिलने वाली यह सौगात टिकाऊ और सुरक्षित रहे।

इस दौरे के दौरान विधायक के साथ उनके कार्यकर्ता साथी सुलभ त्रिपाठी, संतोष दुबे रतन यादव भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ निर्माण स्थल की तकनीकी बारीकियों पर चर्चा की और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप कार्य को गति देने के निर्देश दिए।

क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। 5.25 करोड़ की लागत से बन रहा यह नवीन भवन ढीमरखेड़ा की जनता और प्रशासनिक कार्यों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि वे समय सीमा का पालन करें और निर्माण में उच्च स्तरीय पारदर्शिता बनाए रखें।

# खरीदी केन्द्रों में किसानों को नहीं हो कोई परेशानी

**बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा**

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों में आ रहे गेहूं की कड़ाई से जांच करें और मानक स्तर का गेहूं ही खरीदें। केंद्रों पर गेहूं की साफ-सफाई के लिए अनिवार्य रूप से छन्ना-पंखा लगवाएं। कलेक्टर ने यह निर्देश आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। कलेक्टर ने उपार्जित किए गए गेहूं के भुगतान की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जाहिर करते हुए किसानों को जल्द भुगतान कराने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला आपूर्ति अधिकारी को उपार्जन केन्द्रों में परिवहन में आ रही बाधाओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोदाम स्तर पर की जा रही गेहूं खरीदी के दौरान अनाज को सुरक्षित तरीके से गोदामों के भीतर रखवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने उपार्जित चना और मसूर का तत्काल परिवहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई-विकास प्रणाली से खाद का वितरण नहीं करने पर विलायतकला पैक्स के समिति प्रबंधक की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होने पूर्व में नियम विरूद्ध



उर्वरक का विक्रय करने वाले विक्रेताओं और समितियों को जारी कारण बताओ नोटिस का समाधानकारक जवाब नहीं देने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में ई-विकास प्रणाली से ही खाद का वितरण सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत 1 मई से शुरू हुए मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

साथ ही जिन जनगणना ब्लॉकों में अभी तक मकान सूचीकरण का कार्य शुरू नहीं हो सका है वहां जल्द ही कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया की मकान सूचीकरण का डाटा फ्रीज करने से पहले सुपरवाइजर डाटा का खुद सत्यापन करें। मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि ने बताया कि 559 के लक्ष्य की तुलना अब तक 509 किसानों ने पैसा जमा कर दिया है और अब तक 58 किसानों के यहां सोलर पंप स्थापित किए गए हैं। जिस पर कलेक्टर ने शेष किसानों के यहां भी जल्द सोलर पंप स्थापित कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खाद्य, स्वास्थ्य, साइंस एण्ड टेक, महिला बाल विकास, राजस्व, कलेक्ट्रेट शाखा, नजूल, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय निकाय, कृषि, सामाजिक न्याय विभागों में 100 दिवस से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की और इनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों को समग्र-ईकेवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही समग्र सुधार के प्रकरणों को भेजने से पूर्व सावधानी से जांच करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री के मामले में तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी तहसीलदार पटवारी से प्रमाण पत्र लें कि उनके हल्के में पीएम किसान योजना का अब कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं है।

# मंडी पहुंचे कलेक्टर, किसानों से ली विक्रय और भुगतान की जानकारी

**कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण**

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को पहरूआ स्थित कृषि उपज मंडी समिति का औचक निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवक-जावक गेट पर ई-मंडी ऐप के माध्यम से किसानों को जारी की जा रही प्रवेश पंजी की प्रक्रिया को देखा और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने मंडी प्रांगण में गेहूं, चना, मसूर और सरसों की



नीलामी शेड में रखी कृषि उपज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और मंडी कर्मचारियों से नीलामी प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की।

नीलामी स्थल पर उपस्थित किसानों से मंडी में उपलब्ध सुविधाओं और भुगतान व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें नीलामी के दिन ही शाम तक अपनी उपज का भुगतान व्यापारियों द्वारा प्राप्त हो जाता है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शेड क्रमांक 2 में गेहूं की नीलामी प्रक्रिया में भी शामिल हुए और पूरी प्रक्रिया को बारीकी से देखा।

उन्होंने मंडी परिसर की बाउंड्री वॉल को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सके। इसके बाद कलेक्टर ने फल और सब्जी मंडी प्रांगण का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**विकास** — रामजाकरी हनुमान वार्ड में विकास और निर्माण कार्यों का महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन

# सड़क और नाली निर्माण से बेहतर होगी व्यवस्था, वार्डवासियों को मिलेंगी सुविधाएं

**नवभारत, कटनी।** रामजानकी हनुमान वार्ड में विकास और जनसहभागिता का सुंदर संगम देखने को मिला, जब वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन वातावरण कराया गया। विशेष बात यह रही कि विकास कार्यों की शुरुआत वार्ड की कन्या मुस्कान रजक के करकमलों से कराई गई, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और सांस्कृतिक स्वरूप दिया गया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता और मेयर इन काउंसिल सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से वार्डवासियों को लगभग 33.05 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली।



भूमिपूजन के अंतर्गत सड़क मस्जिद से रमाकांत तिवारी और प्रीतम सिंह से सहारा टेंट हाउस तक सड़क, विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी। बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। साथ ही स्वच्छता और आवागमन की सुविधाएं भी बेहतर होंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि शहर स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बन सके। उन्होंने वार्डवासियों से भी स्वच्छता और विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की के लिए कहा। क्षेत्रीय पार्षद रागिनी मनोज गुप्ता ने कहा कि रामजानकी हनुमान वार्ड में लंबे समय से नागरिकों द्वारा सड़क और जल निकासी संबंधी समस्याओं को लेकर मांग की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता के साथ नगर निगम द्वारा स्वीकृति दिलाई गई। उन्होंने कहा कि वार्ड के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आगे भी लगातार प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, जय नारायण निषाद, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, कमलेश चौधरी, सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लेकर विकास कार्यों के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

## कार्यालय नगर परिषद कैमोर जिला कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/187/वि.शा./जैम./2026 **द्वितीय निविदा सूचना** कैमोर, दिनांक :- 27/04/2026

एतद द्वारा सर्व सबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नगर परिषद कैगोर को हाई मास्ट विद्युत पोल क्रय किया जाना है। जिसके लिए GEM Portal पर बिड निम्बर GEM/2025/B/7477408 दिनांक 25-04-2026 जैम पोर्टल पर जारी की गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | BID END DATE/TIME | 05/05/2026 / 21.00 |
| 2. | BID OPENING DATE/TIME | 05/05/2026 / 21.30 |

1.-बिड संबंधी जानकारी जैम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।
2.-किसी भी प्रकार का संशोधन ऑनलाईन ही किया जावेगा, जो मान्य होगा।
3.-नियम शर्ते लागू।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कैमोर

## धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024